आम्या

آل مسلم یوتھ ایسوسی ایشن

Office Add.: Kumhar Toli Road, Purani Ranchi, Ranchi
E-mail : s.alijcs@gmail.com | Mob. No. : 9798727711

पत्रांक AMYA/05/2025 दिनांक 23/01/2025

सेवा में

**श्री सुरेश कुमार बैठा**
माननीय विधायक
कांके विधानसभा, रांची।

**विषयः– आगामी बजट में अल्पसंख्यकों के लिए योजनाए शामिल करने के सबंध में।**

माननीय उपरोक्त विषय के संदर्भ में कहना है झारखंड सरकार के द्वारा वित्त वर्ष 2025–2026 के लिए नये योजनाओं का सुझाव मांगा गया है जिसमें झारखंड के अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवम सांस्कृतिक स्थिति में सुधार हेतु अलग अलग विभाग के लिए निम्नलिखित योजनाओं को शामिल करने हेतू प्रस्ताव दिया जा रही है, जो इस प्रकार है।

अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण प्रभाग)।

(1) पिछले वित्त वर्ष 2024–2025 के प्रावधानित बजट 352 करोड़ रुपए में बढ़ोतरी कर वित्त वर्ष 2025–2026 के लिए 500 करोड़ रुपए किए जाए।
(2) मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का बजट में बढ़ोतरी कर 200 करोड़ रुपए किये जाए।
(3) अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं के लिए प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना शुरू किए जाए।
(4) प्रमंडल स्तरीय अल्पसंख्यक आवासीय +2 विद्यालय योजना को जिला स्तर पर शुरु किया जाए।
(5) अल्पसंख्यक विधालय एवं मदरसा में स्मार्ट क्लास रूम योजना शुरु किए जाए।
(6) राजधानी रांची में अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए 200 बेड का छात्रावास निर्माण कराया जाए।
(7) अल्पसंख्यक युवक–युवती के रोजगारोन्मुखी स्किल्ड ट्रेनिंग योजना शुरु किए जाए।
(8) प्रत्येक प्रखंड में अल्पसंख्यक लाइब्रेरी का निर्माण किए जाए।
(9) प्रत्येक पंचायत में अल्पसंख्यक कम्यूनिटी हॉल का निर्माण किए जाए।
(10) अल्पसंख्यक लड़कियों के लिए विवाह सहायता योजना शुरु किए जाए।

**उच्च एवं तकनीक शिक्षा विभाग।**

(11) बिहार मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी युनिवर्सिटी के तर्ज पर झारखंड में मौलाना आजाद अरबी फारसी युनिवर्सिटी चालू किए जाए जिसमें आलिम एवं फाजिल की पढ़ाई परीक्षा आदि हो सके।
(12) केन्द्रीय एमएसडीपी योजना के तहत झारखंड के विभिन्न जिलों में निर्मित आईटीआई, पोलीटेकनिक व अन्य तकनीकि संस्थान में पढ़ाई शुरू करवाई जाए और अल्पसंख्यक छात्रों की नामांकन सुनिश्चित हो।
(13) यूपीएससी एवम जेपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में पी टी उत्तीर्ण अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को निशुल्क कोचिंग कराया जाए अथवा इस हेतु सहायता राशि दी जाए।
(14) प्रत्येक निगम वार्ड में अल्पसंख्यक ब्वउउनदपजल ींसस का निर्माण योजना।

**समाज कल्याण विभाग।**

(15) सावित्रीबाई फुले किशोर समृद्धि योजना के तर्ज पर अल्पसंख्यक समुदाय के महिलाओ और बच्चियों के लिए फातिमा शेख किशोरी समृद्धि योजना शुरू किये जाए।

**ग्रामीण विकास विभाग।**

(16) फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तर्ज पर अल्पसंख्यक महिलाओ के लिए **फातिमा शेख** प्रोत्साहन अभियान शुरु किए जाए।

(17) ग्रामीण क्षेत्रों के अल्पसंख्यक गांव/पंचायत आदि में सड़क व पुल निर्माण योजना शुरू किए जाए ।

**कृषि एवं पशुपालन विभाग।**

(18) अल्पसंख्यक किसानों के लिए डीप बोरिंग, सोलर पम्प, ट्रेक्टर, कृषि उपकरण आदि वितरण योजना शुरू किए जाए।

(19) अल्पसंख्यक के जीविकोपार्जन के लिए अल्पसंख्यक पशुधन योजनाए शुरु किए जाए।

**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।**

(20) प्रत्येक अल्पसंख्यक बहुल गांव, पंचायत आदि में पेयजल उपलब्ध कराने हेतू योजना शुरू किए जाए।

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग।**

(21) अल्पसंख्यक समुदाय के भूमिहीन एवं गरीब जरूरतमंद लोगों को 5डी0 भूमि आवास निर्माण हेतु बंदोबस्त कराने की योजना शुरू किए जाए।

(22) सरकारी भूमि पर 30 वर्ष या उससे अधिक समय से अवस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के धार्मिक स्थल/सांस्कृतिक स्थल के नाम से भूमि पट्टा निर्गत योजना।

**स्वास्थ्य विभाग।**

(23) प्रत्येक अल्पसंख्यक पंचायत/निगम वार्ड में स्वास्थ्य केन्द्र शुरु किए जाए।

उपरोक्त योजनाए को अगामी अबुवा बजट 2025–2026 में शामिल करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

Ali

**एस अली**

केन्द्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपिः–

1. **श्री हेमंत सोरेन**, माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार।
2. **श्री राधाकृष्णन किशोर**, माननीय वित्त मंत्री, झारखंड सरकार।
3. **श्री हफीजुल हसन अंसारी**, माननीय मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, जलसंसाधन विभाग, झारखंड सरकार।
4. **डॉ इरफान अंसारी**, माननीय मंत्री स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखंड सरकार।
5. **श्री सुदीव्य कुमार सोनू**, माननीय मंत्री उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास विभाग, झारखंड सरकार।
6. **श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह**, माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार।
7. **श्रीमती शिल्पा नेहा तिर्की**, माननीय मंत्री कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विकास विभाग, झारखंड सरकार।

Md. Riyaruddin Ansari 23/01/2025

Md Furqan 23/01/2025

23/01/25

Sorfaraz Ahmad 23/1/25